आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 22.03.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण में श्रद्धालुओं में खासा उत्साह, अब तक 3 लाख 80 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने कराया पंजीकरण।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– प्रदेश सरकार जल संसाधनों के संरक्षण और इनके पुनर्जीवन के लिए प्रयासरत।
- भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से हरिद्वार में मानक मंथन का आयोजन, विद्युत उपकरणों की सुरक्षा और पर्यावरण अनुकूलता सुनिश्चित करने में मानक ब्यूरो की भूमिका पर हुई चर्चा।
- रुद्रप्रयाग जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत 'फूल देई, वोट देई' अभियान जोर–शोर से चलाया जा रहा है।

चारधाम पंजीकरण

चारधाम यात्रा के पंजीकरण में लगातार तेजी आ रही है। अब तक 3 लाख 80 हजार से अधिक तीर्थयात्री पंजीकरण करवा चुके हैं। पर्यटन विकास परिषद ने कल शाम 05 बजे तक के पंजीकरण की रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के अनुसार यमुनोत्री यात्रा के लिए अब तक 69 हजार 555, गंगोत्री के लिए 71 हजार 465, केदारनाथ के लिए 1 लाख 22 हजार 456 और बदरीनाथ के लिए 1 लाख 13 हजार 951 के साथ ही हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए 3 हजार 395 श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन वेबसाइट व मोबाइल ऐप पर पंजीकरण करवाया है। ऑनलाइन पंजीकरण के साथ ही ऑफलाइन पंजीकरण की सुविधा भी तीर्थयात्रियों को उपलब्ध करवाई गई है।

विश्व जल दिवस

आज विश्व जल दिवस है। यह दिन मीठे पानी के महत्व और जल संसाधनों के उचित प्रबंधन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दुनिया भर में जल संकट से निपटने के लिए जागरूकता बढ़ाना और कार्रवाई को प्रेरित करना है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी प्रदेशवासियों को विश्व जल दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड न केवल अनेक पवित्र नदियों का उद्गम स्थल है, बल्कि जलस्रोतों की अपार संपदा से भी समृद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जल संसाधनों के संरक्षण और इनके पुनर्जीवन के लिए सतत् प्रयासरत है, ताकि यह अनमोल धरोहर आने वाली पीढ़ियों तक संरक्षित रह सके।

गोष्ठी व सैनिक सम्मेलन

पौड़ी में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, लोकेश्वर सिंह की अध्यक्षता में जिले की मासिक अपराध गोष्ठी और सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। गोष्ठी में जिले के सभी राज पत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह ने कहा कि साइबर फ्रॉड से संबंधित शिकायतों पर मुकदमा दर्ज करने के अलावा आई.टी. एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के दृष्टिगत संबंधित थानों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

कुमाऊं मंडलायुक्त

कुमाऊं मंडलायुक्त दीपक रावत ने नगर निगम हल्द्वानी के अंतर्गत सफाई कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट से लेकर वार्ड स्तर तक की सफाई के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि लीगेसी वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के जरिए कूड़ा निस्तारण की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जाए। मंडलायुक्त ने कहा कि एनटीपीसी को जो भी सहयोग की आवश्यकता है, उसे प्रदान किया जाए। उन्होंने सड़कों की सफाई के लिए खरीदी गई जटायु मशीन में आई तकनीकी खराबी को ठीक कर शहर की सफाई उपयोग में करने और वार्डों में तैनात सफाई कर्मचारियों की निगरानी करने के निर्देश दिए। इसके लिए हर वार्ड में बायोमेट्रिक अटेंडेंस को अनिवार्य करने को कहा गया। साथ ही वार्डों में सफाई न करने वाले कर्मचारियों का वेतन रोकने के भी निर्देश दिए। बैठक के दौरान श्री रावत ने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र प्रत्येक माह में बेहतर काम करने वाले कर्मचारियों का सम्मान भी किया जाएगा।

भारतीय मानक ब्यूरो

भारतीय मानक ब्यूरो–बीआईएस, देहरादून की ओर से हरिद्वार में मानक मंथन सत्र का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और विशेषज्ञों ने भाग लिया। मानस मंथन सत्र में लगभग 30 प्रयोगशालाओं ने वर्चुअल माध्यम से भागीदारी की। इस मौके पर बी.आई.एस, देहरादून के संयुक्त निदेशक श्याम कुमार और सचिन चौधरी ने सत्र में आई.एस–302 से जुड़े तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। सिडकुल मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिंदर गर्ग ने इस पहल के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर विद्युत उपकरणों की सुरक्षा, ऊर्जा दक्षता और पर्यावरण अनुकूलता सुनिश्चित करने में मानक ब्यूरो की भूमिका पर चर्चा की गयी। बी.आई.एस देहरादून के निदेशक सौरभ तिवारी ने बताया कि विद्युत उपकरणों के लिए बी.एस.आई प्रमाणन अनिवार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि इस पहल से उपभोक्ता सुरक्षा, निर्यात वृद्धि, नकली उत्पादों पर रोक और औद्योगिक नवाचार को प्रोत्साहन मिलेगा। बी.आई.एस ने उद्योग जगत से बी.एस.आई के मानकों को अपनाने की अपील की।

फूलदेई रुद्रप्रयाग

लोक पर्व फूलदेई इस बार रुद्रप्रयाग में खास अंदाज में मनाया जा रहा है। बच्चे जहां, घर–घर देहरी पर फूल बिखेर रहे हैं, वहीं लोकतंत्र के इस महापर्व को लेकर भी एक अनूठा संदेश दे रहे हैं। जिले के तीनों विकासखंडों में इन दिनों स्वीप कार्यक्रम के तहत 'फूल देई, वोट देई' अभियान जोर–शोर से चलाया

जा रहा है। बच्चे फूलों के साथ मतदाता जागरूकता का संदेश भी दे रहे हैं– ''जैसे देहरी पर फूल डाले, वैसे वोट डालना न भूलें।'' स्वीप के जिला समन्वयक वी.के. यादव ने बताया कि यह अभियान पूरे मार्च माह तक चलेगा। उन्होंने बताया कि इस अनोखे प्रयास का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लोक पर्व और लोकतंत्र दोनों की महत्ता को जोड़ते हुए लोगों को यह संदेश देना है कि जैसे 'फूल देई' में हर किसी की सहभागिता जरूरी है, वैसे ही लोकतंत्र के पर्व में वोट डालना भी सबकी जिम्मेदारी है। ग्रामीणों में भी इस अभियान को लेकर उत्साह है।

ब्हुउद्देशीय शिविर बागेश्वर

सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत बागेश्वर जिले में कपकोट के मल्ला दानपुर घाटी के जूनियर हाईस्कूल सरनी, वाछम में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया ने कहा कि उनकी विधानसभा में जो भी गांव अपने आस–पास के जंगलों को आग से बचाएगा उस ग्राम पंचायत को एक लाख रुपये, इनाम के रूप में दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वन बचेंगे, तो लोगों को पर्याप्त पीने का पानी भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि कपकोट विधानसभा में कीवी, मत्स्य और दुग्ध उत्पादन लगातार बढ़ रहा है। यहां की महिलाएं समूह बनाकर बेहतर काम कर रही हैं। शिविर में मोटर मार्गों, स्वरोजगार, शिक्षा, विद्युत, स्वास्थ्य और आजीविका के नए संसाधनों से संबंधित अनेक प्राथमिक समस्याओं का विभागीय अधिकारियों के माध्यम से समाधान किया गया। इस दौरान दो लाभार्थियों को महालक्ष्मी किट, सात लाभार्थियों को पीएमजीएसवाई के अंतर्गत कटी नाप भूमि का मुआवजा राशि के चेक वितरित किए। शिविर के दौरान जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समस्त ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों के साथ केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न जन–कल्याणकारी योजनाओं व विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की गई।